GAIL (India) Limited

India's Youngest Maharatna

# 29वीं वार्षिक आम बैठक
# 29th Annual General Meeting

## अध्यक्ष का भाषण
## Chairman's Address

*September 25, 2013*



**Tomorrow is Yours**

**With the eco-friendly fuel - Natural Gas**





# Chairman's Statement

## for the 29th AGM of GAIL on 25th September, 2013

**Sh. B.C. Tripathi**
Chairman & Managing Director

**Dear Shareowner,**

It is with a sense of pride that on behalf of the entire Board of Directors, I welcome you to this 29th Annual General Meeting of your Company. I feel honoured and privileged to share with you that your Company was conferred with the coveted Maharatna status on 1st February 2013 by the Government of India. This is the first AGM of your Company after becoming a Maharatna. Your Company is the Youngest Public Sector Enterprise (PSE) and one amongst seven PSEs who have attained this status. This is yet another recognition by the Government of India of your Company's efforts and potential to emerge as the global energy major of India.

The Directors' Report and the Audited Accounts for the year 2012-13 are already with you and with your permission, I take them as read. You will certainly share my sense of satisfaction at yet another year of robust growth of your Company. This performance is even more heartening given the subdued global and domestic economic environment.

### Economic Scenario

During the year, the global economic landscape remained challenging. Europe continued to grapple with unsustainable debt burden while there were some positive signs of improvement in the US economy.

The year has been equally tough for the Indian industry also. The economy, impacted by lower GDP growth, mounting fiscal deficit and high Current Account Deficit saw slow momentum in infrastructure and energy sectors. Investment and capital expenditure by the industry slowed down. Inflation and depreciation of the Indian Rupee further aggravated the situation.

Since India is an energy deficit country, its import dependency is rising on a continuous basis. As a result, any fluctuation in international price of Crude Oil, which is interlinked with price of gas, stokes domestic inflation and Current Account Deficit. The volatility in Oil prices has been putting burden on the sovereign finances and also eating into competitiveness of the Indian economy. At the same time, energy plays a crucial role in achieving the social and economic welfare of over 1.21 billion people in the country. It is perhaps the most vital enabler for growth and development. However, a large majority of India's people do not have access to clean and modern sources of energy. Thus, it is extremely important to meet our domestic energy needs adequately and affordably.


This places a big responsibility on your Company to not only secure adequate natural gas but also make it available to people and industries at competitive prices. As India moves forward in its journey to be a low-carbon economy, the emphasis on natural gas will rise further. Natural Gas currently comprises around 10% of India's



energy basket which may reach 15% by 2020. Accordingly, your Company is engaged in several initiatives to source gas from various suppliers worldwide.

## Business Performance

I am happy to share that your Company has once again maintained its 'Excellent' performance rating under the MoU 2011-12 with the Government. Amidst an uncertain economic environment, your Company achieved a record turnover of Rs. 47,333 Crore in 2012-13, registering a growth of 18% against previous year. Net profit increased by 10% to reach Rs. 4,022 Crore. This sustained financial performance was driven by an increase in Natural Gas trading and better sales realization in Petrochemicals and Liquid Hydrocarbon business.





Maintaining a consistent dividend payment record, the Board of Directors of your Company have recommended the highest ever dividend payment for 2012-13. Earnings per share increased from Rs. 29 per share last year to Rs. 32 per share in 2012-13.

Your Company took several initiatives to meet India's spiralling energy needs. Your Company added 1,300 km of new gas pipelines to its network during 2012-13, thereby increasing its pipeline network to 10,700 km having a capacity to transport 210 MMSCMD gas. With commissioning of two new pipelines, namely Dabhol-Bengaluru and Kochi-Koottanad-Mangalore/Bengaluru Phase-I, your Company has entered new markets in the southern states of Karnataka, Goa and Kerala. Commissioning of the PLL LNG terminal at Kochi will allow your Company to serve customers in Kerala also. Thus, your Company moved a step closer towards expanding its network to 15,000 km and 300 MMSCMD capacity by 2014-15.

The year 2013 began with successful commissioning of the Dabhol LNG terminal at Ratnagiri, Maharashtra by your Company as Owner's Engineer. This LNG terminal will act as the gateway for supply of natural gas to the country's southern and western parts. Your Company will be commercial operator of the terminal for the next 25 years. Your Company also entered into an understanding with Petronet LNG Limited for reserving 2.5 MMTPA exclusive capacity in the planned expansion of Dahej LNG terminal to meet the increasing demand of gas.

I am glad to inform that your Company is successfully moving ahead in its efforts to secure uninterrupted and competitive gas supply to meet the domestic market needs. The onset of current financial year marked the signing of a Terminal Service Agreement with M/s Dominion Cove Point LNG LP for booking 2.3 MMTPA liquefaction capacity in the Cove Point liquefaction terminal in the US. The US subsidiary of your Company has contracted half of Dominion's capacity for 20 years. Your Company will now have access to 5.8 MMTPA of LNG linked to Henry Hub prices.

In another milestone for your Company, it executed a long-term Gas Sale and Purchase Agreement with Gazprom Marketing and Trading Singapore Ltd. for supply of 2.5 MMTPA LNG per annum from its Shtokman production facilities over a period of 20 years. Your Company is also pursuing the Turkmenistan-Afghanistan-Pakistan-India natural gas pipeline project for import of gas from Central Asia to India. To address the immediate concern of domestic supply shortage, your Company concluded two mid-term LNG supply agreements with Gazde France of France and Gas Natural Fenosa of Spain. In addition, your Company continued to import spot cargoes during this financial year.



Your Company also signed an MoU with EDF Trading of the US for cooperation in the areas of North American upstream equity investments, gas supply to export facilities and LNG supply optimization. This will pave the way for first international trading operations of GAIL. I am pleased to share that your Company's participation in the A-1 and A-3 offshore Exploration & Production blocks in Myanmar began generating revenue after the Consortium commenced production and sale of the gas to the buyers in July 2013.

In the downstream segment, your Company is currently doubling existing capacity at Pata Petrochemical plant. The project is expected to be completed by end of the current financial year. By 2015, your Company would have marketing rights for 1.7 MMTPA polymer. For handling such a large portfolio, your Company is strengthening its petrochemical trading capability as well as scaling up its distribution network. On the gas retail side, your Company is targeting 40-50 new Geographical Areas for City Gas Distribution through its subsidiary and joint ventures.

Your Company is taking a keen interest in the renewable energy sector particularly in wind and solar energy. It has graduated from being a captive producer to a commercial producer in the area of wind energy. Further, 5 MW Solar Plant was commissioned in February 2013 in Rajasthan under the Jawaharlal Nehru National Solar Mission.

## Business Responsibility and Sustainable Development

Your Company's roadmap for growth takes into account the creation of sustainable societal value in an environmentally responsible manner. During the year under review, it allocated around Rs. 92 Crore towards CSR programmes. During 2012-13, over 2800 under-privileged youth in remote areas of Madhya Pradesh, Gujarat and Andhra Pardesh were successfully trained in various job-oriented skills under Project Swavalambh while over 2000 slum-dwelling women were provided skills training under project Garima.

Under the Padho and Badho initiative, 7500 slum children were enrolled in the 250 Non Formal Education centres in and around Delhi. This will pave the way for their inclusion into the formal government school system. I am also happy to share that during last financial year, 23 students of GAIL Utkarsh programme for underprivileged children have made it to various IITs.



In the area of Health Care, over 2 Lakh poor patients in 240 remote villages of Uttar Pradesh and Madhya Pradesh have been provided free primary healthcare through our Mobile Health Programme. Through initiatives like these, we have touched the lives of lakhs of people around us.

Your Company released its second sustainability report for 2011-12 titled "Shaping the Future". It evolved Sustainability Aspirations 2020 to set an overall direction for sustainability in the organization. Your Company also developed a green belt spanning over 17 million square metres, which is over 41% of your Company's total land holding.

## Corporate Governance

Your Company believes in enhancing stakeholder wealth by adopting best practices of corporate governance. For the 4th consecutive year, your Company received "NIL" comments from Comptroller & Auditor General of India for 2012-13. This underlines its commitment to the best accounting and disclosure practices. Your Company has been complying with the requirements of Corporate Governance as enunciated in the Listing Agreement and DPE Guidelines on Corporate Governance.

Your Company deploys the best-in-class technology to make continual improvement in its governance frameworks. It has adopted several new IT initiatives like implementation of Joint Venture Accounting system for Exploration & Production business on SAP platform. It initiated implementation of enterprise-wide Pipeline Integrity Management System for its cross-country pipeline network based on Geographic Information System.

Your Company's role in building a sustainable energy future has been recognized time and again. It received several recognitions during the financial year 2012-13. Your Company was adjudged Company of the Year in three

categories by Petroleum Federation of India i.e. for Oil & Gas Pipeline Transportation, Environmental Sustainability and Project Management. It also received various laurels in the area of occupational health and safety.

## Looking Forward

Your Company has identified the key focus areas for growth in the coming decade. It aspires to emerge as a global hydrocarbon major with significant upstream, midstream and downstream interests by 2020.

It will focus on maintaining leadership position in domestic gas and petrochemical businesses. To develop India's gas market, your Company will continue pipeline network expansion and build new re-gasification capacity. It will strengthen trading capability further to address domestic and international markets. Focus will also be on acquisition of equity stakes in producing assets or liquefaction facilities abroad, international gas sourcing to meet short and mid-term requirements, and consolidation of E&P portfolio while developing technical expertise.

Your Company is also planning to venture in LNG shipping to bring the contracted LNG to India. In addition, it will continue to expand the City Gas Distribution network through Joint Ventures and Subsidiaries.

Your Company will intensify its efforts for sustainable growth. It has continued to display strong leadership to pursue higher regional cooperation amongst Asian energy companies on matters of mutual and long-term interest.

To meet the ever changing business requirements and to maintain sustainable competitive advantage, your Company is giving significant thrust on developing its human resources to their full potential. The process of aligning HR Strategy with Organizational Strategy is a continuous process in your Company.

The Maharatna status provides your Company with greater operational flexibility and higher empowerment to pursue business expansion and diversification in India and overseas. It will further empower your Company to play a pivotal role in the country's socio-economic development, and expand its global footprint for enhancing India's energy security.



## Acknowledgements

On behalf of the Board of Directors, I take this opportunity to express my gratitude to all stakeholders including the Ministry of Petroleum and Natural Gas, Government of India, Petroleum and Natural Gas Regulatory Board and all departments of the Central and state governments for their co-operation and support and demonstrating their confidence in our abilities.

On behalf of the Board and the employees of your Company, I thank all our customers for their continued support and belief in us. I would also like to acknowledge the contribution of each and every employee in your Company's achievements, and I am sure that their efforts will lead to significantly better performance in the coming years. I would also like to thank my fellow Board Members for their unflinching support and guidance.

Thank you once again, ladies and gentlemen.

B.C. Tripathi
Chairman & Managing Director

25th September 2013

**Note: Excerpts from the Chairman's speech at the 29th Annual General Meeting held on the 25th September, 2013 at New Delhi. This does not purport to be a record of the proceedings of the Annual General Meeting.**



## 25 सितंबर, 2013
## को गेल की 29वीं वार्षिक आम सभा हेतु
# अध्यक्ष का वक्तव्य

**बी. सी. त्रिपाठी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**प्रिय शेयरधारकगण,**

समस्त निदेशक मंडल की ओर से मैं आपकी कंपनी की 29वीं वार्षिक आम सभा में आपका स्वागत करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। आपको यह बताते हुए मैं अपने आप को सम्मानित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि भारत सरकार ने दिनांक 1 फरवरी, 2013 को आपकी कंपनी को प्रतिष्ठित महारत्न का दर्जा प्रदान कर सम्मानित किया है। महारत्न बनने के पश्चात आपकी कंपनी की यह पहली वार्षिक आम सभा है। आपकी कंपनी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सबसे कम उम्र वाली है और इस दर्जे को प्राप्त करने वाली सात अन्य कंपनियों में से एक है । भारत की वैश्विक स्तर पर प्रमुख ऊर्जा कंपनी बनने की दिशा में यह आपकी कंपनी के प्रयासों और सामर्थ्य के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त एक और सम्मान है ।

निदेशकों की रिपोर्ट और वर्ष 2012–13 के लेखापरीक्षित लेखे पहले से ही आपके पास हैं। आपकी अनुमति से मैं इसे पठित मान लेता हूं । आपकी कंपनी की सुदृढ़ प्रगति के एक और वर्ष के लिए आप निश्चित ही मेरी संतुष्टि में सहभागी बनेंगे । सुस्त वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिवेश में भी यह कार्यनिष्पादन बहुत प्रेरणादायक है ।

### आर्थिक परिदृश्य

वर्ष के दौरान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण रहा। यूरोप ऋण की अस्थिरता से जूझता रहा जबकि अमरीकी अर्थव्यवस्था में सुधार के चिन्ह देखे गए ।

यह वर्ष भारतीय उद्योगों के लिए भी समान रूप से कठिन रहा । अर्थव्यवस्था के निम्न सकल घरेलू उत्पाद, बढ़ता हुआ राजकोषीय घाटा और चालू खाते में भारी घाटे से प्रभावित होने के कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्र में धीमापन रहा। उद्योगों द्वारा निवेश और पूंजीगत व्यय में कमी आई। भारतीय रुपए में अवमूल्यन तथा महंगाई ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया ।

चूंकि भारत ऊर्जा की कमी वाला देश है, अतः इसकी आयात पर निर्भरता बढ़ती ही जा रही है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य में कोई भी विचलन, जोकि गैस के मूल्य के साथ जुड़ा हुआ है, घरेलू महंगाई और चालू खाते में घाटे को बढ़ा देता है। तेल के मूल्यों की यह अस्थिरता शासकीय वित्त को प्रभावित करती है और भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रतियोगीपन को भी कम करती है। इस समय ऊर्जा देश के 1.20 बिलियन से अधिक आबादी के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वस्तुतः यह बढ़ोत्तरी एवं विकास का सबसे महत्वपूर्ण कारक है। तथापि, भारत की एक बड़ी आबादी की स्वच्छ एवं आधुनिक ऊर्जा स्रोत तक पहुंच नहीं है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपनी घरेलू ऊर्जा आवश्यकताओं को पर्याप्त मात्रा में एवं खरीदे जा सकने योग्य मूल्य पर पूरा करें ।


इस दृष्टि से आपकी कंपनी के ऊपर न केवल प्राकृतिक गैस की पर्याप्त मात्रा को सुरक्षित करने बल्कि उसे जन सामान्य तथा उद्योगों को प्रतियोगी मूल्यों पर उपलब्ध कराने की भी बड़ी जिम्मेदारी है। चूंकि भारत न्यून–कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है, प्राकृतिक गैस पर प्रभाव भी और अधिक बढ़ेगा। इस समय भारत की ऊर्जा बास्केट में प्राकृतिक गैस का भाग 10% है जिसके वर्ष 2020 तक बढ़कर 15% होने की संभावना है।

तदनुसार, आपकी कंपनी समूचे विश्व से गैस हासिल करने के लिए पहल कर रही है ।

## व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

मैं सहर्ष बताना चाहूंगा कि आपकी कंपनी ने एक बार पुनः भारत सरकार के साथ निष्पादित समझौता ज्ञापन 2011–12 के अंतर्गत "उत्कृष्ट "कार्यनिष्पादन रेटिंग हासिल की है। अनिश्चित आर्थिक वातावरण के भीतर आपकी कंपनी ने वर्ष 2012–13 में पिछले वर्ष की तुलना में 18% की वृद्धि दर्ज करते हुए 47,338 करोड़ रुपए का कारोबार किया है । निवल लाभ भी 10% की वृद्धि के साथ 4,022 करोड़ रुपए रहा। यह सतत् वित्तीय कार्यनिष्पादन प्राकृतिक गैस के कारोबार और पेट्रोकेमिकल एवं तरल हाइड्रोकार्बन कारोबार में बेहतर बिक्री से संभव हुआ है।

**कर पश्चात लाभ**




लाभांश के लगातर भुगतान के रिकार्ड के साथ आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष 2012–13 के लिए अब तक उच्चतम लाभांश के भुगतान की संस्तुति की है । प्रति शेयर आय भी गत वर्ष के 29/– रुपए प्रति शेयर से बढ़ कर वर्ष 2012–13 में 32/– रुपए हो गई ।


आपकी कंपनी ने भारत की बढ़ती हुई ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कई उपाय किए हैं। आपकी कंपनी ने वर्ष 2012–13 में 1,300 कि.मी. लंबाई की नई प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछाई हैं और इस प्रकार अपने नेटवर्क को 10,700 कि.मी. तथा गैस परिवहन क्षमता को 210 एमएमएससीएमडी किया है। दाभोल–बेंगलुरु एवं कोच्चि–कूट्टानाड–मंगलौर/बेंगलुरु फेज–1 दो पाइपलाइनों को प्रारंभ कर आपकी कंपनी दक्षिण भारत के कर्नाटक, गोवा एवं केरल राज्य में प्रवेश कर गई है। कोच्चि में पीएलएल एलएनजी टर्मिनल के प्रारंभ होने से आपकी कंपनी केरल के ग्राहकों को भी सेवाएं दे सकेगी। इस प्रकार, आपकी कंपनी वर्ष 2014–15 तक अपने नेटवर्क को 15,000 कि.मी. और 300 एमएमएससीएमडी क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गई है ।

वर्ष का आरंभ आपकी कंपनी द्वारा स्वामी के इंजीनियर के रूप में रत्नगिरि, महाराष्ट्र में दाभोल एलएनजी टर्मिनल के सफलतापूर्वक प्रारंभ होने से हुआ । यह एलएनजी टर्मिनल देश के दक्षिणी और पश्चिमी भाग में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हेतु प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा। आपकी कंपनी अगले 25 वर्ष तक इस टर्मिनल की व्यावसायिक प्रचालक रहेगी । आपकी कंपनी ने गैस की मांग को पूरा करने के लिए दहेज स्थित एलएनजी टर्मिनल के योजनागत विस्तार में 2.5 एमएमटीपीए क्षमता को आरक्षित करने के लिए भी एक करार किया है ।

मैं सहर्ष सूचित करता हूं कि आपकी कंपनी घरेलू बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर एवं प्रतियोगी गैस आपूर्ति को हासिल करने के अपने प्रयासों में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है । इस वित्त वर्ष के प्रारंभ में यूएस में मैसर्स कोव प्वाईंट एलएनजी एलपी के 2.3 एमएमटीपीए लिक्वीफैक्शन क्षमता की बुकिंग हेतु डोमिनियन कोव प्वाईंट एलएनजी एलपी के साथ टर्मिनल सर्विस करार पर हस्ताक्षर किए हैं । आपकी कंपनी की यूएस स्थित अनुषंगी ने डोमिनियिन की आधी क्षमता को 20 वर्ष हेतु बुक किया है। आपकी कंपनी की अब हेनरी हब मूल्यों से जुडे हुए मूल्यों पर 5.8 एमएमटीपीए एलएनजी तक पहुंच है ।

एक अन्य उपलब्धि के रूप में आपकी कंपनी ने गेजप्राम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर, पीटीईके साथ 20 वर्ष से अधिक अवधि हेतु इसकी श्टोमैन उत्पादन प्रसुविधा से 2.5 एमएमटीपीए एलएनजी के प्रति वर्ष आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक गैस क्रय एवं विक्रय करार को निष्पादित किया है । आपकी कंपनी मध्य एशिया से भारत तक गैस आयात के लिए तुर्कमेनिस्तान–अफगानिस्तान–पाकिस्तान–भारत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को साकार करने के लिए प्रयासरत है । घरेलू गैस आपूर्ति में कमी के तुरंत समाधान के लिए आपकी कंपनी ने गेज़ डी फ्रांस एवं गैस नेचुरल फेनोसा, स्पेन के साथ मध्य कालिक एलएनजी आपूर्ति करार संपन्न किए हैं। इसके अलावा आपकी कंपनी इस वित्त वर्ष में स्पॉट कार्गो का आयात करती रहेगी ।

**कारोबार (ईडी का निवल)**



आपकी कंपनी ने यूएस की ईडीएफ ट्रेडिंग के साथ उत्तरी अमरीका अपस्ट्रीम इक्विटी निवेश, निर्यात प्रसुविधाओं तक गैस आपूर्ति, एलएनजी आपूर्ति को इष्टतम करने के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे गेल के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कारोबार प्रचालन का मार्ग प्रशस्त होगा । मुझे आपको बताते हुए प्रसन्नता है कि जुलाई, 2013 में कंसोर्शियम द्वारा उत्पाद और क्रेताओं को गैस की बिक्री प्रारंभ करने के पश्चात आपकी कंपनी के हिस्सेदारी वाले म्यांमार ए–1 एवं ए–2 अपतट अन्वेषण एवं उत्पादन ब्लॉक से राजस्व मिलने लगा है ।

डाउनस्ट्रीम खंड में आपकी कंपनी इस समय पाता पेट्रोकेमिकल संयंत्र की क्षमता को दुगना कर रही है । इस परियोजना के चालू वित्त वर्ष में पूरा होने की संभावना है। वर्ष 2015 तक आपकी कंपनी के पास 1.7 एमएमटीपीए पॉलीमर विक्रय का अधिकार होगा। इस बृहद पोर्टफोलियो को संभालने के लिए आपकी कंपनी अपनी पेट्रोकेमिकल व्यापार क्षमता को मजबूत करने के साथ–साथ अपने वितरण नेटवर्क में भी विस्तार कर रही है । गैस की बिक्री की दिशा में आपकी कंपनी अपनी सहायक कंपनियों एवं अनुषंगियों के माध्यम से शहर गैस वितरण हेतु 40–50 नए भौगोलिक क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है ।

आपकी कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र विशेषकर पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अत्यधिक रुचि ले रही है। पवन ऊर्जा के क्षेत्र में यह केप्टिव उत्पादन से आगे बढ़ कर व्यावसायिक उत्पादक बन गई है। इसके अलावा जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन के अंतर्गत राजस्थान में 5 मेगावाट का एक सौर ऊर्जा संयंत्र भी प्रारंभ हो गया है ।

## व्यावसायिक दायित्व एवं स्थायी विकास

विकास के लिए आपकी कंपनी के मार्ग में पर्यावरणीय उत्तरदायी तरीके से सतत् सामाजिक मूल्यों के सृजन को शामिल किया गया है। समीक्षाधीन वर्ष में कंपनी ने सीएसआर कार्यक्रमों के लिए 92 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं । वर्ष 2012–13 में मध्य प्रदेश, गुजरात एवं आन्ध्र प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के 2800 से भी अधिक अल्पविकसित युवाओं को परियोजना "स्वावलंब" के अंतर्गत विभिन्न कार्योन्मुख कौशल प्रदान किया गया है । साथ ही 2000 से अधिक झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं को परियोजना 'गरिमा' के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ।

'पढ़ो और बढ़ो' परियोजना के अंतर्गत दिल्ली तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में 250 गैर औपचारिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से 7500 से अधिक स्लम में रहने वाले बच्चों का नामांकन किया गया । इस औपचारिक शिक्षा के द्वारा उनका शासकीय विद्यालय प्रणाली में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है । मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि गत वित्तीय वर्ष में सुविधाविहीन बच्चों हेतु चलाए जा रहे



गेल उत्कर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत 23 विद्यार्थियों ने विभिन्न आईआईटी में प्रवेश प्राप्त किया है ।

स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के 240 दूरस्थ गांवों के 2 लाख से अधिक गरीब रोगियों को हमारे सचल स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की गई । इस प्रकार पहल से हमने अपने आस–पास के लाखों लोगों के जीवन को स्पर्श किया है ।

आपकी कंपनी "भविष्य को आकार "नामक द्वितीय स्थायी विकास रिपोर्ट, वर्ष 2011–12 जारी की है । इसमें हमारी आकांक्षाएं 2020 शामिल है ताकि संगठन में सतत् विकास को एक दिशा दी जा सके। आपकी कंपनी ने 17 मिलियन वर्ग मीटर में फैली हरित पट्टी विकसित की है जोकि आपकी कंपनी द्वारा धारित भूमि के 41% से अधिक है ।

## निगमित नियंत्रण

आपकी कंपनी निगमित नियंत्रण की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाकर स्टेकधारकों की संपदा में वृद्धि में विश्वास रखती है। लगातार चौथी बार वर्ष 2012–13 के लिए आपकी कंपनी को नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक की ओर से शून्य टिप्पणी दी गई है। इससे सर्वश्रेष्ठ लेखांकन एवं प्रकटन प्रथाओं का पता चलता है। आपकी कंपनी सूचीकरण करार एवं निगमित नियंत्रण पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों में यथावर्णित निगमित नियंत्रण की अपेक्षाओं का अनुपालन करती है ।

आपकी कंपनी नियंत्रण फ्रेमवर्क में निरंतर सुधार करने के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को अपनाती है । इसने कई नए आईटी संबंधी प्रयास जैसे कि एसएपी प्लेटफार्म पर अन्वेषण एवं उत्पादन कारोबार हेतु संयुक्त उद्यम लेखांकन प्रणाली के कार्यान्वयन को अपनाया है। कंपनी ने भौगोलिक सूचना प्रणाली पर आधारित अपने अंतरराज्यीय पाइपलाइन नेटवर्क हेतु इंटरप्राइज–वाइड पाइपलाइन इंटीग्रिटी प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन प्रारंभ किया है ।

निरंतर ऊर्जा भविष्य के निर्माण में आपकी कंपनी की भूमिका को बार–बार मान्यता दी गई है । आपकी कंपनी को पेट्रोलियम

फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तीन श्रेणियों यानि तेल एवं गैस परिवहन, पर्यावरणीय निरंतरता एवं परियोजना प्रबंधन में वर्ष की श्रेष्ठ कंपनी माना गया है । इसके अलावा, रोजगार, स्वास्थ्य एवं संरक्षा के क्षेत्र में भी विभिन्न पुरस्कार मिले हैं ।

## भविष्य की ओर

आपकी कंपनी ने आगामी दशक में विकास हेतु ध्यान देने योग्य विशेष क्षेत्रों की पहचान की है । कंपनी वर्ष 2020 तक महत्वपूर्ण अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम हितों के साथ वैश्विक रूप में हाइड्रोकार्बन की एक बड़ी कंपनी बनना चाहती है ।

कंपनी घरेलू गैस एवं पेट्रोकेमिकल कारोबार में अपनी अग्रता बनाए रखने पर ध्यान केन्द्रित किए हुए हैं। भारत के गैस बाजार को विकसित करने के लिए आपकी कंपनी अपनी कारोबारी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेगी जिससे घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार पर ध्यान दिया जा सके। उत्पादक परिसंपत्तियों में इक्विटी स्टेक के अधिग्रहण या विदेशों में लिक्वी फैक्शन प्रसुविधाओं, अल्पावधि और मध्यावधि की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अंतर्राष्ट्रीय गैस स्रोत तथा तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करते हुए अन्वेषण और उत्पादन पोर्टफोलियो पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

संविदागत एलएनजीको भारत में लाने के लिए आपकी कंपनी एलएनजी शिपिंग में भी प्रवेश की योजना बना रही है। इसके अलावा यह संयुक्त उद्यमों और अनुषंगियों के माध्यम से शहर गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार को जारी रखेगी ।

स्थायी विकास के लिए आपकी कंपनी प्रयासों को बढ़ाएगी । यह पारस्परिक एवं दीर्घावधि के हितों वाले मामलों पर एशियाई ऊर्जा कंपनियों के साथ बेहतर क्षेत्रीय सहयोग के लिए सशक्त नेतृत्व प्रदर्शित करती रहेगी ।

सदैव परिवर्तनशील कारोबारी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए और निरंतर प्रतियोगी बढ़त बनाए रखने के लिए आपकी कंपनी अपने मानव संसाधन के विकास पर बल देती है । आपकी कंपनी में मानव संसाधन नीति को संगठनात्मक नीति के अनुरूप करना एक सतत् प्रक्रिया है ।

आपकी कंपनी को हासिल महारत्न के दर्जे से उसे भारत और विदेशों में व्यापार विस्तार तथा वैविधिकरण हेतु शक्ति संपन्न बनाया है । यह आपकी कंपनी को भारत की ऊर्जा सुरक्षा हेतु



सामाजिक आर्थिक विकास एवं वैश्विक पहचान बढ़ाने में और अधिक सहायक होगा।

## आभार

निदेशक मंडल की ओर से, मैं इस अवसर पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड सहित समस्त स्टेकधारकों और केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों का उनके द्वारा दिए गए सहयोग एवं सहायता तथा हमारी क्षमताओं के प्रति अपना विश्वास प्रकट करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं ।

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल और कार्मिकों की ओर से मैं अपने सभी ग्राहकों का उनके द्वारा दिए गए सतत् सहयोग एवं हम पर प्रकट किए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता हूं । मैं, आपकी कंपनी की उपलब्धियों हेतु प्रत्येक कार्मिकों द्वारा दिए गए योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं और मुझे विश्वास है कि उनके प्रयासों से आगामी वर्षों में भी हम बेहतर कार्यनिष्पादन कर सकेंगे। मैं निदेशक मंडल के अपने सहयोगियों के प्रति भी उनकी सतत् सहायता और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं ।

देवियों एवं सज्जनों एक बार पुनः बहुत–बहुत धन्यावाद ।

बी. सी. त्रिपाठी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

25 सितम्बर, 2013

**टिप्पणीः नई दिल्ली में दिनांक 25 सितम्बर, 2013 को आयोजित 29वीं वार्षिक आम सभा में दिए गए अध्यक्ष के भाषण का उद्धरण। यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाहियों का रिकार्ड नहीं है ।**

GAIL (India) Limited

**Regd. Off. :**
16, Bhikaji Cama Place,
R.K. Puram, New Delhi-110066
Website : www.gailonline.com